अतिमहत्वपूर्ण/समयवद्ध/ई-मेल

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर-प्रदेश, लखनऊ|

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं|

पत्रांक:प्राशिप/अनु०-06/परीक्षा फॉर्म/ 6689 **लखनऊ:दिनांक:** 30/12/2023

विषय: विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर-2023 की परीक्षा में समिल्लित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भराए जाने के विषयक |

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्रांक: प्राशिप/ अनु०-06/परीक्षा फॉर्म/6189 दिनांक: 14.12.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें| जिसके द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2023 की परीक्षा में समिल्लित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भराए जाने हेतु तिथि 18/12/2023 से 22/12/2023 तक निर्धारित की गयी थी|

उक्त पत्र में यह भी अवगत कराया गया था कि जिन छात्र/छात्राओं का सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, जून-2023 के पुनर्मूल्यांकन का परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ हैं उनके पुनर्मूल्यांकन से सम्बंधित विषय, परीक्षा फॉर्म में बैक प्रदर्शित होंगे एवं पुनर्मूल्यांकन का परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त यदि पुनर्मूल्यांकन से सम्बंधित विषय बैक पेपर क्लियर हो जाता हैं तो छात्र/छात्राओं के एडमिट कार्ड में पुनर्मूल्यांकन से सम्बंधित विषय को बैक पेपर से हटा दिया जायेगा|

कृपया अवगत कराना हैं कि दिनांक: 29.12.2023 को अंतिम रूप से छात्र/छात्राओं के पुनर्मूल्यांकन का परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त समस्त छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म में आवश्यक संसोधन परिषद स्तर से किया जा चुका हैं, जिसे संस्था द्वारा भरे गए परीक्षा फॉर्म में संस्था लॉग इन के माध्यम से देखा जा सकता हैं साथ ही परीक्षा फॉर्म प्रिंट करने की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी हैं|

किन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया हैं कि अभी भी कुछ छात्र/छात्राओं का परीक्षा फॉर्म संस्था स्तर से नहीं भराया जा सका हैं| उक्त के परिप्रेक्ष्य में छात्रहित के दृष्टिगत सभी संस्थाओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक: 01.01.2024 से दिनांक: 03.01.2024 तक पोर्टल खोला जा रहा हैं|

अतः आपको निर्देशित किया जाता हैं कि प्राथमिकता के आधार पर वंचित पात्र छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र समयान्तर्गत भराया जाना सुनिश्चित करें| यदि कोई भी छात्र/छात्रा परीक्षा फॉर्म भराए जाने से वंचित रह जाता हैं तो इसका सम्पोर्ण उत्तरदायित्व सम्बंधित संस्था प्रधानाचार्य का होगा| दिनांक: 03.01.2024 को मध्यरात्रि पोर्टल बन्द होने के उपरांत परीक्षा फॉर्म आवेदन हेतु किसी भी दशा में पोर्टल दुबारा नहीं खोला जायेगा|

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ०सं०: प्राशिप/अनु०-06/परीक्षा फॉर्म/ 6690 **लखनऊ:दिनांक:30/12/2023**

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कंप्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए उक्त सूचना परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव